**शिक्षा मंत्रालय**

मंत्री

315 Front Street West
Toronto ON  M7A 0B8

**Ministère de l'Éducation**

Ministre

315, rue Front Ouest
Toronto ON  M7A 0B8

Ontario

28 अप्रैल, 2020

प्रिय माता-पिता—

मुझे उम्मीद है कि इस अभूतपूर्व समय में आप, आपके बच्चे और आपके परिवार सुरक्षित और स्वस्थ होंगे।

इन पिछले हफ़्तों में, हमारी सरकार दूरस्थ शिक्षा के लिए आपके और आपके बच्चों की उत्सुकता और उत्साह से प्रेरित हुए हैं। हम जानते हैं कि COVID-19 का विशेष रूप से आपके जीवनों और आजीविकाओं पर जो गहरा प्रभाव पड़ा है उसे देखते हुए यह आसान नहीं है। हमारे विद्यार्थियों की उनकी सीखने की यात्रा जारी रखने की क्षमता उल्लेखनीय रही है।

ओंटैरियो के शिक्षा मंत्री के रूप में, मैं आपको कोविड -19 के प्रभावों से सम्बंधित नई जानकारियों के बारे में सूचित करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ, खासकर जब यह बच्चे की देखभाल, प्रारंभिक शिक्षा कार्यक्रमों और वर्तमान शैक्षणिक वर्ष की स्थिति के बारे में बताने की बात हो। हमारी सरकार इस कठिन समय में आपकी और आपके बच्चों की सहायता करना जारी रखेगी।

हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता हर बच्चे और हर विद्यार्थी और उनका शिक्षण और सहायता करने वालों की सुरक्षा और बेहतरी है। विद्यार्थियों को कक्षा में सीखने के लिए बुलाने के किसी भी विकल्प पर विचार करने के हमारे निर्णय सुरक्षा, अनुकूलता और सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों के मार्गदर्शन पर आधारित होंगे। कक्षा में दोबारा प्रवेश करने से पहले विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को संरक्षित करने के लिए हर उपाय सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता में हम स्पष्ट और दृढ हैं।

उस सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए, हमारी सरकार ने आदेश दिया है कि कम से कम 31 मई, 2020 तक प्रान्त के सभी सार्वजनिक स्कूल विद्यार्थियों के लिए बंद रहेंगे।

ओंटैरियो के मुख्य चिकित्सा अधिकारी और कोविड -19 कमांड टेबल के विशेषज्ञ सलाह को हमारे निर्णय से अवगत कराया है। हालांकि सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा हाल ही में प्रस्तुत मॉडल यह दर्शाता है कि हम प्रगति कर रहे हैं लेकिन हम कोविड -19 के खिलाफ अपनी लड़ाई में उस स्तर पर नहीं पहुँचे हैं जहाँ विद्यार्थी सुरक्षित और आत्मविश्वास के साथ अपनी कक्षाओं में लौट सकें।

मै जानता हूँ कि यह खबर आप में से कई लोगों के लिए निराशाजनक है। ओंटैरियो के माता-पिता की सहानुभूति और प्रतिबद्धता दृढ रही है। पहली बार 12 मार्च को कक्षाओं में पढ़ाई को निलंबित करने की घोषणा के बाद से ही हमने पूरे प्रांत के माता-पिता  से सुना है कि वे किस तरह अपने बच्चों की पढाई की निरंतरता को प्रोत्साहित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं। इस वैश्विक प्रकोप के प्रति बच्चों की विशिष्ट प्रतिक्रिया के लिए माता-पिता  और परिवारों के आश्वासन अविश्वसनीय स्रोत रहे हैं।

स्कूल बंद होने की शुरुआत से ही सीखने की निरंतरता के लिए हमारी योजना कारगर और सफ़लतापूर्वक आगे बढ़ी है। हाल ही में, हमने प्रांत में शिक्षक के नेतृत्व वाली शिक्षा को फ़िर से शुरू किया और विद्यार्थियों को अब उनकी शिक्षा जारी रखने के लिए काम और संसाधन दिए जा रहे हैं।

इस योजना के तहत, हमने दिए गए सप्ताह में आपके बच्चे के शिक्षक द्वारा उन्हें सौंपे गए शिक्षण सामग्री और कार्यों के आधार पर विद्यार्थियों की कार्यावधि की अपेक्षाओं को रेखांकित किया है। मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूँ कि वर्तमान प्रकोप से किसी भी छात्र के स्नातक डिग्री को किसी प्रकार का जोखिम नहीं होगा।

हमारी सरकार ने निर्देश के लिए निम्नलिखित न्यूनतम प्रस्तावित मानक निर्धारित किए हैं:

- किन्डर्गार्टन से ग्रेड 3: पढ़ाई और गणित पर ध्यान देने के साथ प्रति सप्ताह प्रति विद्यार्थी पाँच घंटे का काम;
- ग्रेड 4 से 6: पढाई, गणित, विज्ञान और सामाजिक अध्ययन पर ध्यान देने के साथ प्रति सप्ताह पाँच घंटे का काम;
- ग्रेड 7 से 8: गणित, पढाई, विज्ञान और सामाजिक अध्ययन पर ध्यान देने के साथ प्रति सप्ताह 10 घंटे का काम; तथा,
- ग्रेड 9 से 12: क्रेडिट संग्रह और स्नातक पर ध्यान देने के साथ, सेमेस्टर वाले विद्यार्थियों के लिए प्रति कोर्स प्रति सप्ताह तीन घंटे का काम और गैर-सेमेस्टर वाले विद्यार्थियों के लिए प्रति कोर्स प्रति सप्ताह 1.5 घंटे का काम।

हालांकि यह स्वाभाविक है कि इस अवधि के दौरान शिक्षण के अनुभव में अंतर होगा, मेरी अपेक्षा यह है कि सभी विद्यार्थियों को उनके शिक्षकों और अन्य शिक्षाकर्मियों द्वारा सहायता और व्यापक काम प्रदान किया जाएगा। हम उन शिक्षकों को धन्यवाद देना चाहते हैं जिन्होंने उनके विद्यार्थियों की क्षमता में वृद्धि करने और उसे प्राप्त करने के लिए सभी अवसरों की उपलब्धता को जारी रखना सुनिश्चित करने के लिए इन असामान्य परिस्थितियों को स्वीकार किया है। यदि असाइन किए गए कार्य की पर्याप्तता या बेहतर संपर्क की आवश्यकता से संबंधित आपके कोई प्रश्न हैं, तो आपको अपने प्रिंसिपल या स्कूल बोर्ड से संपर्क करने की सलाह दी जाती है। इस प्रकोप के दौरान विद्यार्थियों को सीखने का बेहतर अनुभव प्रदान करना सुनिश्चित करने के लिए जो भी संभव है हम वह सब कुछ करना चाहते हैं।

अपने बच्चों के लिए प्रशिक्षण समय को अधिकतम करने के लिए, हम शेष पेशेवर गतिविधि (PA) और परीक्षा के दिनों को प्रशिक्षण समय में परिवर्तित कर रहे हैं। यह सुनिश्चित करेगा कि इस स्कूल वर्ष के दौरान आपके बच्चे संभावित अधिकतम दिनों के लिए व्यस्त और सीखते रहेंगे। शायद अब पहले से कहीं अधिक, प्रशिक्षण समय का हर पल मायने रखता है, भले ही यह केवल एक या दो दिन के लिए हो।

जब हम स्कूल बंद होने की अवधि के दौरान प्रशिक्षण समय को सुविधाजनक बनाने का प्रयास कर रहे हैं, तो कई परिवारों के अनुभवों में से एक चुनौती यह है कि, हमारे डिजिटल रूप से जुड़े हुए इस युग में भी, कुछ विद्यार्थियों के पास के Learn at Home एक्सेस करने के लिए इंटरनेट या तकनीक नहीं है।

मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ओंटैरियो सरकार कोविड -19 के प्रकोप के दौरान छात्रों और परिवारों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए रोजर्स कम्युनिकेशंस और ऐप्पल के साथ काम कर रही है। अब तक, जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए प्रांतीय सरकार द्वारा दिए गए $75 मिलियन के अधिक के अनुदान से मुफ़्त रोजर्स LTE वायरलेस डेटा युक्त 21,000 से अधिक iPad डिवाइस, स्कूली

बोर्डों द्वारा खरीदे और जरूरतमंद परिवारों को वितरित किए गए हैं। इसके अलावा, सीखने और घर से काम करने के लिए संसाधनों के संग्रह के साथ ऐप्पल फ्रेंच और अंग्रेजी में शिक्षकों, माता-पिता और छात्रों को दैनंदिन सहायता प्रदान कर रहा है। वितरित किए गए ये 21,000 उपकरण इस अवधि के दौरान स्कूल बोर्डों द्वारा विद्यार्थियों को प्रदान किए 200,000 से अधिक कंप्यूटर और टैबलेट के अतिरिक्त हैं।

रोजर्स अपने Connected for Success कार्यक्रम, के साथ ही कनाडा सरकार के Connecting Families पहल के तहत पूरे ओंटारियो के वित्तीय सहायता प्राप्त किरायेदारों और हाउसिंग पार्टनर के सदस्यों को उच्च-गति, कम-लागत वाला इंटरनेट उपलब्ध कराने के लिए ओंटैरियो स्कूल बोर्डों के साथ भी काम कर रहा है।

स्कूल बोर्डों और रोजर्स कम्युनिकेशंस और ऐप्पल जैसी तकनीकी फ़र्मों के बीच इस तरह की साझेदारी वास्तव में ओंटारियो की भावना को प्रदर्शित करती है।

यद्यपि हम वर्तमान स्कूल वर्ष में विद्यार्थियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, हमारी सरकार ने पहले से ही 2020-2021 स्कूल वर्ष के लिए योजना बनाना शुरू कर दिया है। हालांकि यह स्कूल वर्ष निश्चित रूप से कुछ ऐसा था जिसे हमने पहले कभी नहीं देखा था, हमें स्वयं को इस तथ्य के लिए तैयार करने की आवश्यकता है कि आगामी सितंबर से स्कूल पहले जैसे न महसूस हों और न दिखें।

आपके बच्चों की सुरक्षा और बेहतरी के हमारे मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में, मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि विद्यार्थियों और शुरुआती शिक्षार्थियों का उनके भौतिक स्थानों में वापस स्वागत करने से पहले स्कूल, शिशु देखभाल केंद्र और स्कूल बसों को पूरी तरह से गहरी सफ़ाई से गुजरना होगा। बंद की इतनी लम्बी अवधि बाद संपर्क के बेहद कम जोखिम के बावजूद, हम चाहते हैं कि प्रत्येक विद्यार्थी स्कूल लौटने पर सुरक्षित और आश्वस्त रहे।

शिक्षण के संदर्भ में, हम एक विस्तारित ग्रीष्मकालीन शिक्षण कार्यक्रम के लिए हमारी प्रस्तावित योजना का अनावरण करेंगे जो गर्मियों के दौरान आवश्यक होने पर विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा जारी रखने में सक्षम करेगी। यद्यपि आमतौर पर 100,000 से अधिक विद्यार्थी ग्रीष्मकालीन शिक्षा में भाग लेते हैं, हम जानते हैं कि कई और विद्यार्थी इस स्कूल वर्ष की औपचारिक समाप्ति के बाद अपने शिक्षक के नेतृत्व में शिक्षण जारी रखना चाहते हैं। विस्तारित ग्रीष्मकालीन शिक्षा की यह प्रस्तावित योजना क्रेडिट रिकवरी, पाठ्यक्रमों को उन्नत करने के लिए एक नए विकल्प और अंतर-समापन कार्यक्रमों पर ध्यान देने और कमजोर विद्यार्थियों की सहायता पर ध्यान केंद्रित करेगी।

हमारी सरकार जानती है कि कोविड-19 प्रकोप ने बच्चों के लिए अनिश्चित समय का निर्माण किया है। भले ही विद्यार्थियों में परेशानी के तत्काल संकेत न दिखाई दें, हमें सभी विद्यार्थियों की भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य की जरूरतों पर ध्यान देना जारी रखना चाहिए।

इसके लिए, हमारी सरकार ने स्कूल बोर्डों को निर्देश दिया है कि वे मानसिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और पेशेवर कर्मचारियों द्वारा आवश्यकतानुसार, तुरंत सुरक्षित और महफ़ूज़ तरीके से विद्यार्थियों से संवाद सुनिश्चित करे। हम आपको यह बताना चाहते हैं कि ऐसे कई संगठन हैं जो मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं या परेशानियों का सामना करने वाले बच्चों के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करते हैं। उदाहरण के लिए, Kids Help Phone पूरे प्रांत में 24/7 परामर्श और सलाह सेवाएँ प्रदान करते हैं। इस मुफ़्त संसाधन का उपयोग करने के लिए, बच्चे 1-800-668-6868, पर कॉल कर सकते हैं या CONNECT को 686868 पर टेक्स्ट कर सकते हैं।

शिशु देखभाल केंद्र और EarlyON शिशु एवं परिवार कार्यक्रम कम से कम 6 मई, 2020 तक बंद रहेंगे। मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूँ कि उन्हें फ़िर से शुरू करने के हमारे निर्णय में आपके बच्चों का स्वास्थ्य और सुरक्षा सर्वोपरि होगी और हम ओंटारियो की प्रकोप की प्रतिक्रिया और रिकवरी योजना का समर्थन करते हैं।

मैं उन शिक्षकों और शिक्षाकर्मियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहता हूँ जो इन नई परिस्थितियों को अपना रहे हैं और हमारे छात्रों की पढाई और सहायता के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं। हालांकि हम इस बात की गारंटी नहीं दे सकते हैं कि शिशु देखभाल और शिक्षा प्रणालियों में नई व्यवस्था कैसी होगी, मै वादा करता हूँ; ऐसा कोई निर्णय नहीं किया जाएगा जिसका जवाब निम्नलिखित प्रश्न के लिए "हाँ" में नहीं है: क्या यह हमारे बच्चों और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और भलाई को बढ़ावा देता है?

इससे अधिक महत्वपूर्ण — कोई सवाल नहीं है — और कोई जवाब नहीं है।

सुरक्षित रहें,



स्टीफ़न लेचे
शिक्षा मंत्री